आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

महिला विश्व कप

देश की बेटियों ने क्रिकेट में नया इतिहास रचा है। कल रात नवी मुंबई में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 2 सौ 98 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 2 सौ 46 रन पर सिमट गयी। शेफाली वर्मा ने शानदार 87 बनाये और 2 विकेट भी लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाई पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत का प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरपूर था। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने असाधारण टीम वर्क का परिचय दिया। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस जीत पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ये जीत इस ऐतिहासिक पल को और खास बनाती है, क्योंकि टीम में हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर की मौजूदगी भी रही। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग ने पिछले 50 वर्षों के सभी अधिनियमों, नियमों, अधोसंरचना, दिशा–निर्देशों और मापदंडों का एक संग्रह तैयार किया है ताकि इन्हें आम जनता के लिए आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज सरकार और ठेकेदारों व कार्यकारी एजेंसियों सहित अन्य हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सुगमता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगा।

हड़ताल

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते शहर में 100 से ज्यादा निजी बसों के पहिए थम गए हैं। सुबह से निजी बसों का संचालन न होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हड़ताल को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शहर में अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है।

*राजधानी शिमला शहर में आज निजी बसें नहीं चलेंगे जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। निजी बस ऑपरेटर शिमला में 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की बसों के शिमला शहर में दाखिल होने का विरोध कर रहे हैं और आज प्राइवेट मिनी बस चालक–परिचालक संघ ने बसें नहीं चलाने का फैसला*

*लिया है। निजी बस चालक परिचालक संघ का कहना है कि 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की एचआरटीसी समेत निजी बसों के शहर में दाखिल होने से जाम लग रहा है।*

*इसी वजह से निजी बसों के रूट फेल हो रहे हैं। रूट पूरा करने में उन्हें दोगुना समय लग रहा है। इसका खामियाजा शहर की जनता को भी झेलना पड़ रहा है। यही वजह है कि निजी बस ऑपरेटर और चालक परिचालक के संघ शहर में 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की बसों के दाखिल होने का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि लंबी दूरी की यह बसें सीधे आईएसबीटी जाएं जिससे कि शहर में लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से न जूझना पड़े।*

आंगनवाड़ी केंद्र

प्रदेश में 18 हज़ार 9 सौ 25 आंगनवाड़ी केंद्र नौनिहालों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ—साथ प्रारंभिक शिक्षा की ज़रूरतों को पूरा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से औपचारिक स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी सह स्कूल घोषित किया है ताकि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। प्रदेश में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए स्कूलों में किचन गार्डन पहल को भी लागू किया जा रहा है। राज्य में इस वित्त वर्ष में आगंनवाड़ी सेवा योजना के तहत एक सौ 13 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं।

अग्निवीर भर्ती

हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 व 14 नवम्बर को अम्बाला कैंट में आयोजित होगा। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के एक प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में प्रथम चरण के कम्पयूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्ट लिस्ट हुए उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड 31 अक्तूबर को जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार भारतीय सेना की वैबसाइट पर अपने लॉगइन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड़ कर सकते है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर और सुंदरनगर में कोहरा छाया है, जिससे दृश्यता पर असर पड़ा है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आज मौसम के साफ बने रहने की संभावना है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से आगामी दो दिन राज्य में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। विभाग ने कल 4 नवंबर को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलो में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 5 नवंबर को कांगड़ा, कुल्लू,

मंडी, शिमला व सोलन में येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान जनजातीय जिलों लाहौल–स्पीति और किन्नौर सहित उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने का भी अनुमान है।